




नवभारत
भोपाल, बुधवार, 1 जुलाई, 2026


# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

## शादी का झांसा देकर किया था नाबालिग से दुष्कर्म

- 8 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 30 जून. विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 8 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी त्वरित सुनवाई की गई.**

जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार के अनुसार आरोपी ने घटना से करीब एक माह पहले इंस्टाग्राम




के माध्यम से नाबालिग पीड़िता से संपर्क किया और शादी का झांसा देकर उससे बातचीत शुरू की.1 जुलाई 2025 को पीड़िता के माता-पिता के घर से बाहर होने का फायदा उठाकर आरोपी उसके घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया.पीड़िता के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया.शिकायत के आधार पर महिला थाना छतरपुर में भारतीय न्याय संहिता एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था.

> अदालत में विशेष लोक अभियोजक प्रवेश कुमार अहिरवार एवं हेमंत बाजोलिया ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी की.साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 332(2) में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3 हजार रुपये के अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3 सहपठित धारा 4(2) के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया.

## सावित्रीबाई फुले या डॉ. आंबेडकर के नाम हो मेडिकल कॉलेज

**छतरपुर, 30 जून.** पूर्व विधायक आर.डी. प्रजापति ने मेडिकल कॉलेज के नामकरण को लेकर बयान दिया. उन्होंने



कहा कि सावित्रीबाई फुले शिक्षा की अग्रदूत थीं और देश में महिला शिक्षा को नई दिशा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. मेडिकल कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा जाना उचित होगा.यदि सावित्रीबाई फुले के नाम पर नामकरण नहीं किया जाता है, तो मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा जाना चाहिए.उन्होंने सरकार से इस संबंध में निर्णय लेने की मांग की.


# खनिज परिवहन पर 17 .45 लाख जुर्माना

- पांच मामलों में खनिज विभाग की कार्रवाई
- नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 30 जून. जिले में अवैध खनिज परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है.कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर खनिज विभाग ने पांच अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 17 लाख 45 हजार 300 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है.यह कार्रवाई अवैध रूप से मिट्टी, गिट्टी और डस्ट के परिवहन एवं भंडारण के मामलों में की गई.**

खनिज विभाग के अनुसार मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं



परिवहन के मामले में दीपक पटैरिया एवं अन्य पर 3.27 लाख रुपये, गिट्टी के अवैध परिवहन पर कमलेश कुमार तिवारी पर 1.08 लाख रुपये, पीपीएस मिनरल्स एंड स्टोन क्रेशर पर डस्ट के मामले में 10.80 लाख रुपये, जगदीश चंद्र सोनी पर डस्ट के अवैध भंडारण के लिए 2.16 लाख रुपये तथा प्रहलाद सिंह परिहार पर गिट्टी के मामले में 14,300 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है.

> जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिलेभर में सघन जांच और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.प्रशासन ने खनिज कारोबारियों और वाहन संचालकों से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील करते हुए चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खनिज नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में



### बावड़ी की सफाई, जल संरक्षण का लिया संकल्प

**चंदला, 30 जून.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, लवकुशनगर द्वारा क्षेत्र में जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर लगातार जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में आमखेड़ा धाम (चंदला) के समीप स्थित प्राचीन बावड़ी में विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान का आयोजन किया गया. अभियान के दौरान परिषद के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए बावड़ी की व्यापक सफाई की. जल स्रोत के आसपास फैली गंदगी, झाड़-झंखाड़ एवं कचरे को हटाया. कार्यक्रम में जलाशय पूजन, संवाद एवं शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. वक्ताओं ने कहा कि प्राचीन कुएं, बावड़ियां, तालाब और नदियां हमारी सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ-साथ जल संरक्षण का महत्वपूर्ण आधार हैं. यदि इन जल स्रोतों का संरक्षण किया जाए तो भविष्य में जलसंकट से काफी हद तक बचा जा सकता है. इस अवसर पर अनिल निगम, अरविंद गुप्ता, राजेंद्र राजपूत, सोनू गुप्ता, सुरेंद्र पाल, सतीश राजपूत, राजन श्री पटेल, गौरव दीक्षित, राजकुमार सिंह, सुखलाल गुप्ता, अमित अवस्थी, शिव शंकर अग्निहोत्री, अशोक राजपूत, पुष्पेंद्र, वीरेंद्र गुप्ता, बच्चूलाल आदि ने श्रमदान किया.



### मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**चंदला, 30 जून.** संत शिरोमणि सुदर्शन समाज समिति द्वारा ग्राम मंढ़ा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच हरदयाल बंसल के नेतृत्व में संपन्न हुआ. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया. समिति के अध्यक्ष हरदयाल बंसल ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक ताकत उसकी शिक्षित युवा पीढ़ी होती है. मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करना केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे समाज को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का माध्यम है. उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि सुदर्शन समाज समिति भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, ताकि समाज के होनहार बच्चों को प्रोत्साहन मिलता रहे और वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज एवं देश का नाम रोशन करें. इस अवसर पर कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण बंसल, महासचिव संतोष समुद्री, अतुल समुद्री, सदस्य अखिलेश गौतम, कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेंद्र भारती, के.पी. सर एवं छोटू भारती आदि उपस्थित थे.

### गढ़ी मलहरा में युवक पर जानलेवा हमला

**छतरपुर, 30 जून.** जिले के गढ़ी मलहरा में एक युवक पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है.हमले में घायल युवक ने आरोप लगाया है कि छह लोगों ने उस पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया.



घायल गोलू रैकवार ने मंगलवार सुबह करीब 10 :30 बजे आरोप लगाया कि छह लोगों ने धारदार हथियार और डंडों से उस पर हमला किया.हमले में उसे गंभीर चोटें आई हैं. पीड़ित ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ समय पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है.

# 25 लाख के टेंट व्यवसाय पर किया कब्जा

- पुलिसकर्मी पर धमकी और दबाव बनाने का आरोप
- एसपी से निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा की मांग

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 30 जून. शहर के सौर पहाड़ी वार्ड क्रमांक-2 निवासी जयराम अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक लिखित आवेदन सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है.**

आवेदन में उन्होंने हरिजन थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी जग प्रसाद अहिरवार पर पारिवारिक विवाद में हस्तक्षेप करने, जान से मारने की धमकी देने तथा पुलिस



पद का दुरुपयोग कर परिवार पर दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं.

पीड़ित का आरोप है कि संबंधित पुलिसकर्मी ने अपनी बहन के साथ मिलकर उनके बड़े भाई के करीब 25 लाख रुपये के टेंट व्यवसाय पर कब्जा कर लिया है.विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई.साथ ही पुलिस में पदस्थ होने का प्रभाव दिखाकर लगातार डराने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं.जयराम अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपों की सत्यता की पड़ताल करने, दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने तथा स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है.फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

# 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' के प्रचार पर जोर

- 70 वर्ष से अधिक के पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश
- राशन व्यवस्था में लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 30 जून. जिला पंचायत सभाकक्ष में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा टीकमगढ़ सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति, जल संसाधन और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई.**

बैठक में विधायक ललिता यादव, राजेश शुक्ला, अरविंद पटेरिया, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे.

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाकर बनाने के निर्देश दिए.उन्होंने गर्भवती महिलाओं को समय पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 15 दिनों में ग्रामीण सड़कों, पुल और पुलियाओं का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत कराने तथा जल निगम की लंबित पेयजल परियोजनाओं को समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया.उन्होंने यह भी कहा कि हर घर तक नल से जल पहुंचने के बाद ही कार्यों का पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी किया जाए.

खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना का गांव-गांव व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए.जिन गांवों में राशन दुकान नहीं है वहां नई उचित मूल्य दुकान खोलने तथा राशन वितरण में लापरवाही करने वाले विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई करने को कहा.

उन्होंने राजनगर क्षेत्र के ग्राम चौबर में तीन माह में राशन वितरण होने के मामले में संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए.

बैठक में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्रकुमार ने छतरपुर बाईपास निर्माण कार्य में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने, विकास कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को देने तथा आंगनबाड़ी, विद्यालयों और अन्य विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण करने की अपील की.

उन्होंने सहकारी संस्थाओं में अनियमितता करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए.

# मंत्री ने टीबी मरीजों को बांटी फूड बास्केट

- मंत्री ने कहा-दवा के साथ पौष्टिक आहार भी जरूरी
- टीबी मुक्त अभियान में जनसहभागिता का आह्वान

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 30 जून जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के बाद केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा टीकमगढ़ सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार ने जिला पंचायत सभाकक्ष में पांच टीबी मरीजों को पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट वितरित की.**

इस दौरान उन्होंने मरीजों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित




उपचार और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी.

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टीबी जैसी बीमारी से जल्द स्वस्थ होने के लिए दवाओं के साथ संतुलित और पौष्टिक भोजन भी बेहद आवश्यक है.प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनसहभागिता के माध्यम से मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनके उपचार को अधिक प्रभावी बनाया जा सके.उन्होंने समाज के सक्षम नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आने और उन्हें पोषण सहायता उपलब्ध कराने की अपील की.उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है.कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे.सभी ने टीबी मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य और अभियान को सफल बनाने के लिए जनसहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया.

## समझाइश देकर रुकवाया बाल विवाह

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 30 जून.सटई रोड स्थित लक्ष्मण कॉलोनी में बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग लड़की का विवाह रुकवा दिया..**

जानकारी के अनुसार संतोष साहू की पुत्री करीना साहू का विवाह 27 जून को प्रस्तावित था.परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना छतरपुर शहरी के नेतृत्व में संयुक्त टीम शाम करीब 7 बजे परिवार के निवास पर पहुंची और परिजनों को समझाया कि बाल विवाह कराना कानूनन अपराध है.टीम ने बताया कि यदि विवाह कराया गया तो वर एवं वधू पक्ष दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.इसके बाद संयुक्त टीम वर पक्ष के घर भी पहुंची और उन्हें भी बाल विवाह नहीं करने की समझाइश दी.कार्रवाई के दौरान दूल्हे को पुलिस अभिरक्षा में लेकर विवाह रुकवाया गया.इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह, तहसीलदार पीयूष दीक्षित, सब इंस्पेक्टर वीदू विश्वास शामिल थे.

# पीएम राहत कोष से मिली 3 लाख की सहायता

- केतन नामदेव का सफल हुआ किडनी प्रत्यारोपण
- केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के प्रयास से मिली मदद

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 30 जून. जिले के नौगांव रोड स्थित वार्ड क्रमांक-2 निवासी केतन नामदेव के किडनी प्रत्यारोपण के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई.**

इस सहायता से उनका किडनी प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक संपन्न



हो गया है.जानकारी के अनुसार ऑपरेशन के बाद केतन नामदेव का स्वास्थ्य लगातार बेहतर हो रहा है और वे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं.

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि केतन नामदेव, निवासी अमरकांत नामदेव के पुत्र हैं और लंबे समय से गंभीर किडनी रोग से पीड़ित थे.उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए किडनी प्रत्यारोपण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था.

डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता के चलते प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई, जिससे केतन नामदेव का रीनल ट्रांसप्लांट (किडनी प्रत्यारोपण) सफलतापूर्वक कराया जा सका.उन्होंने कहा कि अब केतन के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है, जो परिवार के लिए राहत और खुशी की बात है.केंद्रीय मंत्री ने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों को समय पर मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके जीवन में नई उम्मीद लेकर आती है.उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि केतन नामदेव शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होकर सामान्य और सुखद जीवन व्यतीत करें.

**सेफ क्लिक 2.0** — अभियान के तहत सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की अपील

# अस्पतालों और जनसेवा केंद्रों में चला साइबर जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

**छतरपुर 30 जून. मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान के छठवें दिन मंगलवार को जिले के अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और जनसेवा संस्थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.**

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले के मार्गदर्शन में




पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के संबंध में जानकारी दी. अभियान के दौरान नागरिकों को साइबर हेल्पलाइन 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया.पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करने और संदिग्ध कॉल या संदेशों से सतर्क रहने की अपील की.साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी साइबर सुरक्षा संबंधी संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया. छतरपुर पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध डिजिटल गतिविधि का सामना हो तो बिना देर किए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके.

## मानसून की बेरुखी से बढ़ी किसानों की चिंता

**छतरपुर, 30 जून.** मानसून की देरी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है.जून माह समाप्त होने के बावजूद पर्याप्त बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो गई है.किसान सोयाबीन, मूंगफली, धान, उड़द, मूंग और तिल जैसी प्रमुख फसलों की बुवाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं.आमतौर पर जून के अंतिम सप्ताह तक अधिकांश क्षेत्रों में बुवाई शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार खेत अब भी सूखे पड़े हैं. पिछले वर्ष 1 जून से 29 जून के बीच जिले में 281 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी, जबकि इस वर्ष इसी अवधि में महज 14 मिलीमीटर बारिश हुई है.

# खेत में मिला जला शव, इलाके में सनसनी

- मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त
- हत्या की आशंका, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 30 जून . झांसी-खजुराहो फोरलेन मार्ग के समीप अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करारा गंज में मंगलवार सुबह एक खेत में जला हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई.खेत से धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां एक बुरी तरह जला हुआ शव पड़ा मिला.**

घटना की सूचना मिलते ही



अलीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.शव इतनी बुरी तरह जला हुआ था कि उसकी पहचान नहीं हो सकी.थाना प्रभारी के अनुसार पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं तथा घटनास्थल की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जिसने मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं।? प्रारंभिक जांच में पुलिस हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है.आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है और लापता व्यक्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही हैं..पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है.